## संक्षिप्त

### अपहरण का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बौंली- बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत जिला विशेष टीम गंगापुर सिटी के साथ मिलकर बामनवास थाना पुलिस ने 1 वर्ष से अपहरण के मामले में फरार 5हजार के इनामी आरोपी ब्रजमोहन मीणा उम्र 44 वर्ष निवासी डाबडा थाना सपोटरा जिला करौली को 21 मार्च शुक्रवार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बामनवास थाना प्रभारी राकेश शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक हरसुख, कांस्टेबल कैलाश चंद, विजय सिंह, राजेंद्र धाकड़, जितेंद्र व घनश्याम जिला विशेष शाखा गंगापुर सिटी की टीम ने एक वर्ष से फरार चल रहे 5हजार के इनामी अभियोग संख्या 43/ 2024 धारा 323, 341, 365,342, 34 आईपीसी के तहत आरोपी को दस्तयाब कर बामनवास पुलिस थाने में गिरफ्तार किया है। अनुसंधान के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### टीबी बिमारी को लेकर किया जागरूक

**पीपलू।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें गर्भवती महिलाओं, बच्चों को टीका लगाया गया। आशा सहयोगनी कल्पना शर्मा गांव में घर-घर पहुंचीं। यहां पर लोगो को टी वी की बिमारी के बारे मे जानकारी दी व गर्भवती महिलाओं और बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र लेकर आईं। केंद्र पर गर्भवती महिलाओं का वजन तौला गया। इसके साथ ही गर्भवती महिला से उनके खान-पान पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। इस अवसर पर एएनएम सीमा बैरवा, मिनाक्षी मीणा, आशा सहयोगिनी कल्पना शर्मा, सन्तरा देवी ने नियमित टीकाकरण के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को जरूरी सलाह के साथ-साथ गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां के अलावा खान-पान, रहन-सहन समेत सुरक्षित और सामान्य प्रसव,टी वी की बिमारी को लेकर अन्य आवश्यक जानकारी भी दी।

### खाजपुरा गांव को बड़ागांव पंचायत में रखने की मांग

**निवाई।** ग्रामीणों ने खाजपुरा गांव को बड़ागांव पंचायत में ही रखने की मांग को लेकर एसडीएम व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनका गांव बड़ागांव पंचायत से सिर्फ 500 मीटर दूर है। लेकिन प्रशासन उन्हें भरतला पंचायत में जोडने की प्रक्रिया कर रहा है, जो उचित नहीं है। भरतला पंचायत खाजपुरा से 7 किलोमीटर दूर है। इससे ग्रामीणों को परेशानी होगी। उन्होंने मांग की कि उन्हें बड़ागांव पंचायत में ही रखा जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में पूर्व प्रधान चंद्रकला गुर्जर, मांगीलाल गुर्जर, पूर्व सरपंच रामस्वरूप गुर्जर, पूर्व उप सरपंच कंवरपाल गुर्जर, रामराय खाजपुरा, देवराज, चंद्रशेखर पारीक, उप सरपंच हंसराज गुर्जर, विश्राम गुर्जर, रामधन नेकाड़ी, प्रहलाद, मनराज, मनीष, शिवदयाल, कालू, दिनेश सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** उपखंड के गांव प्रतापपुरा को नवीन ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर सुनारी व प्रतापपुरा के ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीण रामजीवन,श्योजी, प्रेमनाथ, महावीर जैन, वार्ड पंच कालू, कल्याण, भंवर टेलर, जगदीश कोठ्यारी, रामनारायण जाट व राजाराम जाट सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव प्रतापपुरा व सुनारी सहित 7 राजस्व गांव ग्राम पंचायत सुनारा के अधीन है। ग्राम पंचायत की कुल आबादी वर्ष 2011 के अनुसार करीब 5000 है। जनसंख्या के अनुसार उक्त ग्राम पंचायत में एक नवीन ग्राम पंचायत की और आवश्यकता हो गई है। ऐसे में प्रतापपुरा को नई पंचायत बनाया जाना न्याय संगत रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान सुनारी व प्रतापपुरा के ग्रामीण मौजूद थे।

### ओमप्रकाश भड़ाना का स्वागत किया

**कोटपूतली।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं देवनारायण बोर्ड राजस्थान के अध्यक्ष (राज्यमंत्री) ओमप्रकाश भड़ाना का जयपुर से दिल्ली जाते समय कोटपूतली आगमन पर शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, प्रकाश चंद्र रावत, पूरण गुर्जर, रविन्द्र प्रजापत समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शीतला माता के लख्खी मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी



शीतला माता के ठंडे पकवानों का भोग लगाकर माता की पूजा की।

**चाकसू।** शीतलासप्तमी पर शुक्रवार को चाकसू स्थित शील की डूंगरी पर विराजमान शीतला माता के लक्खी मेला भरा। महिलाओं ने शीतला माता के ठंडे पकवानों का भोग लगाकर माता की पूजा की। श्रद्धालुओं ने माता से खुशहाली की मनौती मांगी। देर रात तक भी शीतला माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही। इसके बाद चाकसू एवं शिवदासपुरा चंदलाई में दो दिन गुदरी का मेला लगेगा। यहां लगने वाला वार्षिक लक्खी मेला सांस्कृतिक संगम और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। अल सुबह से ही शीतला माता के मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई। नमक,बतासा, झाड़ू सहित बांसी भोजन का भोग माता के चढ़ाया गया।

दोपहर होते-होते मंदिर में मेला अपने परवान पर था। शील की डूंगरी में शुरू हुए मेले में जयपुर एवं आस-पास के जिलों के लाखों श्रद्धालु शीतला माता को भोग अर्पण करने के लिए विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर पैदल एवं विभिन्न साधनों से परिवार सहित गुरुवार शाम से ही शील की डूंगरी पहुंचना शुरू हो गये थे।इससे पूर्व सुबह की शुरुआत निरोगी रहने की कामना के साथ घर घर शीतला माता की कथा सुनने एवं पत्थवारी पूजन के साथ हुई। शीतला अष्टमी मानने वाले लोगों के चूल्हे नहीं जलें और एक दिन पूर्व बने हुए भोजन ही जिमा गया। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 500 से अधिक पुलिस के जवान सहित प्रशासन के कई अधिकारी कर्मचारी लगे हुए हैं। कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरएसी की एक बटालियन भी तैनात की गई जगह-जगह सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं। श्री शीतला माता मंदिर ट्रस्ट महामंत्री लक्ष्मण प्रजापति ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा पालिका अध्यक्ष कमलेश बैरवा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मेंला स्थल पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। इस दौरान लगे हाट बाजार में ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की।

इस मेले में जयपुर, टोंक, सवाईमाधोपुर, कोटा, बूंदी, दौसा, अलवर, करौली व जोधपुर सहित राजस्थान के कई जिलों और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं और शीतला माता के दर्शन करते हैं। दिन में मेला अपने परवन पर होगा।लोक मान्यता है कि माता के मंदिर का चरणामृत पिलाने से बच्चों में होने वाला चेचक व खसरा रोग ठीक हो जाता है। 300 फीट की ऊंचाई पर है, 150 सीढ़ियां चढ़ते हैं दर्शनार्थी मन्दिर श्री शीतला माता ट्रस्ट के अध्यक्ष कजोड़ प्रजापति व मंत्री लक्ष्मण प्रजापति ने बताया कि शीतला माता का मंदिर लगभग 300 फीट की ऊंचाई पर शील की डूंगरी पर है। श्रद्धालु 150 सीढ़ियां चढ़कर पहुंचते हैं। जयपुर नरेश माधोसिंह के पुत्र गंगासिंह एवं गोपाल सिंह के चेचक हुई थी। शीतला माता की कृपा से ठीक हो गई।इसके बाद राजा माधोसिंह ने शील की डूंगरी पर मंदिर एवं बारहदरी का निर्माण कराया। मंदिर के आगे तिबारा बना हुआ था, वह जोधपुर राजपरिवार ने बनवाया था।

### संदीप कलवानिया प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नियुक्त

**शाहपुरा।** तहसील के नायन गांव निवासी एडवोकेट संदीप कलवानिया को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता नियुक्त किया है। संदीप कलवानिया एडवोकेट की नियुक्ति को तुरंत प्रभाव से प्रभावी की गई है।

एडवोकेट संदीप कलवानिया ने प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर पार्टी आलाकमान एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का आभार प्रकट किया है। इनकी नियुक्ति से पार्टी एवं संगठन को मजबूती मिलेगी। संदीप कलवानिया एडवोकेट मूलत: जयपुर जिले के शाहपुरा तहसील के नायन गांव निवासी है और वह वर्तमान में हाई कोर्ट जयपुर में पिछले एक दशक से वकालत के व्यवसाय से जुड़े हुए है।

# पवित्र गंगा नदी की तर्ज पर देवली में बनास नदी की आरती का आयोजन प्रारंभ

**देवली।** स्थानीय बोयडा गणेश जी की पवित्र बनास नदी की आरती की गई इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने बनास नदी घाट पहुंचकर आरती कार्यक्रम में भाग लिया और भव्य आरती के दर्शन किए। इस मौके पर गणेश जी मंदिर के मुख्य पुजारी रामस्वरूप मीणा, पप्पू लाल मीणा, राधाकांत जोशी, भानु शर्मा ,दुर्गलाल, देवराज शर्मा, सहित कई पंडितों ने गंगा नदी की तर्ज पर पवित्र बनास नदी की आरती की, बुधवार से बोयडा गणेश जी के यहां स्थित बनास नदी के घाट पर मां बनास नदी की आरती प्रारंभ हो चुकी है।

जो कार्यक्रम समिति और श्रद्धालुओं के अनुरूप जारी रहेगी। इस अवसर पर पंडित मुकेश गौतम ने


गणेश जी की पवित्र बनास नदी की आरती की।

कहा कि नदियां तो हमारे लिए जीवन दायिनी होती है। क्योंकि जल के बिना जीवन संभव नहीं है।

इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने वाले भामाशाह इंजीनियर नवल जी मंगल पंडित मुकेश गौतम पंकज शर्मा मंदिर ट्रस्ट और गणेश मंदिर के पुजारी की मेहनत और लगन एवं आस्था से

- गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम ने पवित्र बनास नदी की आरती की शुरुआत की

पवित्र बनास नदी की आरती का कार्यक्रम बेहद सफल और आस्थापूर्वक रहा। इस सफल बनाने में अनिल भानु ग्वाला,प्रमोद मंगल सहित कई कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर अपना योगदान दिया। आस्था से जुड़े इस कार्यक्रम में दूनी के भाजपा अध्यक्ष अतुल पाराशर ने बोयडा गणेश जी के दर्शन किए इस मौके पर पुजारी रामस्वरूप मीणा ने माला पहनाकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

# यूआईटी का बुलडोजर तीसरे दिन भी चला

**अलवर।** प्रभारी मंत्री हो तो ऐसा जिसके एक एक्शन के लेते ही भू माफियाओं के पसीने निकल गए और उन्हें अपनी अवैध प्लाटिंग बचाना भारी हो गया है। प्रभारी मंत्री किरोडी लाल मीना कह चुके है कि भाजपा के छुटभैया नेताओं और प्रोपटी डीलरों द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पूरी तरह ध्वस्त होगी और अन्य प्लाटिंग की शिकायत मिलेगी तो उन्हें भी ध्वस्त किया जाएगा।

अलवर शहर में अवैध प्लाटिंग पर यूआईटी का बुलडोजर तीसरे दिन शुक्रवार को भी चला। अलवर-राजगढ़ रोड पर मछली फैक्ट्री के पीछे अमरनाथ खातेदार की जमीन पर हो रही अवैध प्लॉटिंग को अलवर यूआईटी ने ध्वस्त कर दिया। राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी के अलवर आने के बाद अवैध प्लॉटिंग पर यूआईटी का बुलडोजर तेज हो गया।

डॉ.किरोड़ी ने अफसरों से कहा- जहां अवैध जमीनों पर कब्जे और प्लॉटिंग हो, उसे तुरंत हटाया जाए। सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं होने दिया जाए। मंदिर माफी की जमीन पर

- 15 बीघा जमीन से अवैध प्लाटिंग को हटाया, कैबिनेट मंत्री के आने के बाद कार्रवाई तेज

अवैध प्लॉटिंग बर्दाश्त नहीं की जा सकती है।

**अवैध प्लॉटिंग चिह्नित कर कार्यवाही होगी:** अलवर यूआईटी के अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अनिल कुमार ने बताया- तीसरे दिन राजगढ़ रोड पर मछली फैक्ट्री के पीछे अमरनाथ सहित कुछ खातादारों की जमीन पर अवैध प्लॉटिंग की शिकायत मिली थी। खातेदार को नोटिस दिया गया लेकिन अवैध प्लॉटिंग नहीं रुकी और न जवाब दिया। अब यूआईटी ने करीब 20 बीघा जमीन पर इस अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया है। आगे भी यूआईटी की ओर से अवैध प्लॉटिंग चिह्नित कर कार्यवाही होगी।

अलवर शहर के पास केसरपुर गांव में जयसमंद के नीचे दो दिन अवैध प्लॉटिंग पर जेसीबी चली है, यहां चारदीवारी भी तोड़ी गई। असल में बीजेपी के नेता सहित कई लोगों ने मिलकर अवैध प्लॉटिंग कर दी थी। जिसकी शिकायत कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी ने भी मुख्य सचिव से की थी, उसके बाद यूआईटी प्रशासन ने एक्शन लिया है।

अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अनिल शर्मा ने बताया- शहर में 4 से 5 जगहों पर अवैध प्लॉटिंग जारी है, जिसकी शिकायत मिली है। नोटिस जारी कर दिया है। आगे जैसे ही पुलिस जाब्ता मिलेगा। अतिक्रमण और अवैध प्लॉटिंग को हटाया जाएगा।

**शालीमार के बगल में हो रही अवैध प्लॉटिंग:** यूआईटी की शालीमार आवासीय योजना के बगल में भी अवैध प्लॉटिंग हैं। बहरोड़ रोड, जयपुर रोड व रामगढ़ रोड पर भी अवैध प्लॉटिंग है। आमजन का कहना है कि यूआईटी को एक समान भाव से कार्यवाही करनी चाहिए। यूआईटी की शालीमार योजना के बगल में उसी के बनाए रोड पर अवैध प्लॉटिंग हो गई। शिकायत के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया गया।

### सिंधी समाज धर्म और व्यापार में हमेशा आगे रहा : जलदाय मंत्री


जलदाय मंत्री कन्हैयालाल सिंधी समाज के मेले में शामिल हुए।

**टोंक।** जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी गुरुवार को सिंधी समाज के मेले में शामिल हुए, जिसमें उन्होंने कहा कि सिंधी समाज हमेशा सनातन का उपासक रहा है। सनातन की रक्षा के लिए सब कुछ छोड़कर अखण्ड भारत के हिस्से से शरणार्थी बनकर यहां आए और सिंधी समाज ने अपनी मेहनत के बल पर भारत के विकास में अहम योगदान दिया है।

जलदाय मंत्री जिला मुख्यालय पर गुरुवार को सिंधी पंचायत के तत्वावधान में 5 दिवसीय मेले के तीसरे दिन सामूहिक यज्ञोपवीत (जनैऊ) समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि धर्म एवं व्यापार में सदैव अग्रणी रहा है सिंधी समाज। जलदाय मंत्री चौधरी ने कहा कि सिंधी समाज अल्पसंख्यक है, समाज की मांगों को मुख्यमंत्री एवं सरकार के समक्ष रखेंगे, जिले के सिंधी समाज से उनका 25 वर्षों से संबंध है। कैबिनेट मंत्री चौधरी ने राम दरबार में स्थित गुरुद्वारा पर मत्था टेका और स्वामी तुलसीदास से आशीर्वाद लिया, इससे पूर्व मंच पर समाज के शिक्षाविद गोवर्धन हिरोनी ने बताया कि यह मेला वर्षों से आयोजित हो रहा है। समाज के अध्यक्ष माधवदास बालाजी ने समाज की ओर से कैबिनेट मंत्री का अभिनन्दन किया।

# सतरंगी उमंग नारी शक्ति के संग कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**निवाई।** दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल राजस्थान द्वारा सतरंगी उमंग नारी शक्ति के संग कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ जिसमें टोंक जिले से सेंकडौ महिलाओं ने भाग लिया।

राजस्थान अंचल अध्यक्ष शकुंतला बिंदायका ने बताया कि रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं की सशक्त भागीदारी रही और समाज की विभिन्न प्रतिष्ठित हस्तियों ने गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को सफल बनाया। मंच संचालन अंचल सचिव सुनीता गंगवाल द्वारा किया गया।

- सैकड़ों महिलाओं ने लिया हिस्सा

कोषाध्यक्ष उर्मिला जैन ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न इकाइयों द्वारा बैनर का प्रस्तुतीकरण किया गया। खूबसूरती एवं साज सज्जा से प्रस्तुत किए गए बैनरों में प्रथम स्थान अजमेर, द्वितीय स्थान निवाई एवं तृतीय स्थान अलीगढ़ को प्राप्त हुआ, जिन्हें पारितोषिक देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान जिला प्रमुख सरोज बंसल की गरिमामयी उपस्थिति में अध्यक्ष शशी सोगानी, प्रकोष्ठ मंत्री एवं प्रचार संयोजक संजू


सतरंगी उमंग नारी शक्ति के संग कार्यक्रम में मौजूद सदस्य।

पाटनी जौला, अनिता छाबड़ा, विजया टोंग्या, अंकिता पाटनी, यामिनी छाबड़ा, प्रिती कासलीवाल, मोना झांझरी, वर्षा छाबड़ा, प्रिती बाकलीवाल, ममता गिन्दोडी,. मेना काला, अंशु पाटनी, करुणा काला, अंजना ठोलियां, इन्द्रा जैन एवं संजय सोगानी सहित कई लोगों ने व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करते हुए लकी ड्रा विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि फाल्गुनी क्वीन विशेष प्रतियोगिता में विजेता मुस्कान जैन प्रताप नगर व संगीता जैन मुरलीपुरा को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि नारी गौरव मृदुला पांड्या एवं सुरेन्द्र पांडया रहे। विशिष्ट अतिथि नारी गौरव शशि सोगानी एवं निर्मला जैन, दीप प्रज्ज्वलनकर्ता अवंत व यश जैन रहे। इस अवसर पर महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र पांड्या, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश पाटनी, राजस्थान अंचल अध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस, महामंत्री महावीर बाकलीवाल, बसंत जैन, जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला, अजीत बडज़ात्या, रमेश सोगानी मौजूद रहे। संजय सोगानी लुहारा ने बताया कि कार्यक्रम में जयपुर महासमिति के इकाई प्रथम की शीला जैन, अनीता जैन, सरोज जैन, चित्रा जैन, सुलोचना जैन, अलका जैन, पूनम जैन, बीना शाह, स्नेहलता जैन, रचना वैद, मंत्री रेखा जैन, अध्यक्ष शकुंतला बिन्दायका सहित कई लोग मौजूद थे।

### पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन

**पावटा।** क्षेत्र की सर्वांगीण उन्नित के लिए विश्व विख्यात सिद्ध योगी बाबा बालकनाथ जी की तपोस्थली एवं महासमाधि स्थल बावडी मैन रोड दिल्ली पावटा में बाबा बस्ती नाथ महाराज के सान्निध्य में 11 अप्रैल 2024 से 6 अप्रैल 2025 तक चल रहे 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ का 6 अप्रैल रविवार को बड़े राजनेताओं व प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री बाबा बस्तीनाथ जी महाराज ने बताया कि विश्व शांति, लोक कल्याणार्थ दीर्घ आयु, महामारी प्रकृति प्रकोप, राष्ट्र एवं 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ से लेकर 1111 कुंडीय, 2121 कुंडीय, 5151 कुंडीय, 6161 कुंडीय, 9108 कुंडीय एवं 108 कुंडीय वर्ष निर्विघ्नता पूर्वक धार्मिक अनुष्ठान का सफल आयोजन किया जा चुका है।

इसी कड़ी को क्रमबद्ध रखते हुए विश्व विख्यात सिद्ध योगी बाबा बालकनाथ जी की तपोस्थली एवं महासमाधि स्थल बावडी मैन रोड दिल्ली पावटा में 108 कुंडीय संवतसर मृत्युंजय यज्ञ का आयोजन 11 अप्रैल 2024 से 6 अप्रैल 2025 तक किया गया।

## सार-समाचार

### कलश यात्रा शुभारंभ



**मनोहरपुर।** कस्बे के समीप गठवाड़ी ग्राम के घाटी धाम पर ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 श्री अन्नदाता महाराज के कृपा पात्र शिष्य श्री श्री 1008 बाबूराम दास महाराज के सानिध्य में शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ श्री सीताराम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। महायज्ञ के आचार्य पण्डित द्वारका प्रसाद लाटा ने बताया कि प्रात:10:00 बजे कलश यात्रा से पूर्व विधिवत दसविधि स्नान जलमातृका, पूजन ,हवन आदि करवाकर कलश यात्रा प्रारंभ हुई। कलशयात्रा में माताए अपने सिर पर मंगल कलश रखकर मंगल गीत गाती हुई चल रही थी।कलश यात्रा श्री सीताराम मन्दिर घाटी धाम पर पहुँची। पण्डित राजनारायण पांडेय ने बताया की यज्ञ मण्डप के बाहर 12 बजे से पंचांग पूजन,नान्दी श्राद्ध,पुण्यवाचन आदि पूजन अर्चन यजमानों से करवाकर। यज्ञ मण्डप प्रवेश करवाया। मातादीन शर्मा, सीताराम शर्मा ने बताया कि यज्ञ कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन रामायण पाठ ,रामनाम जप ,संगीतमय रामधुनी आदि होंगे।महेश भारद्वाज, हरिनारायण शर्मा ने बताया कि नित्य रामलीला का मंचन, भंडारे का आयोजन होगा।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**कोटपूतली।** जिले में तीन दिवसीय राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम एनक्वास का प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, आरसीएचओ डॉ. अरविंद अग्रवाल, डीएनओ रविकांत जांगिड़ द्वारा बुधवार को द्वीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया था। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि एनक्वास का मतलब है ष राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकष यह स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार करना और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रोत्साहित करना है। एनक्वास वर्तमान में जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिये उपलब्ध हैं। आरसीएचओ डॉ. अरविंद अग्रवाल ने बताया कि एनक्वास का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक अस्पतालों की विश्वसनीयता बढ़ाना और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिये प्रोत्साहित करना है। आरसीएचओ ने सभी चिकित्सा संस्थानों पर कोल्ड चेन पॉइंट के भी उचित रखरखाव एवं साफ-सफाई प्रबंधन के निर्देश दिये। डीएनओ रविकान्त जांगिड़ ने बताया कि एनक्वास 08 व्यापक क्षेत्रों के माध्यम से गुणवत्ता को मापता है। सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, इनपुट, सहायता सेवायें, नैदानिक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम। एनक्वास के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्यांकन किया जाता है और जो सुविधायें निर्धारित मानकों को पूरा करती हैं, उन्हें एनक्वास प्रमाणन प्राप्त होता है।

### ऋषभदेव जयंती मनाई

**टोंक।** भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष्य में जिले के अल्पसंख्यक संस्थानों में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नितेश कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म के प्रवर्तक देवाधिदेव भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष में जिले के अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, बालक छात्रावास एवं समस्त अल्पसंख्यक दर्जा शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को भगवान ऋषभदेव के सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह के संदेश के साथ संपूर्ण विश्व में तपस्या, धर्म और न्याय की स्थापना के पवित्र संदेश को प्रसारित किया गया। साथ ही, चार्ट बनाना, रंग रोगन करना, पोस्टर बनाना, पेंटिंग बनाना, निबंध लेखन, लघु फिल्म प्रदर्शन, क्विज जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। जैन ने बताया कि इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए विद्यार्थियों को उपहार व प्रमाण पत्र देकर उनका सम्मान किया गया।

### नगरपालिका में फार्मर रजिस्ट्री अभियान आज

**पावटा।** राजस्थान सरकार की एग्रीस्टैक योजना के तहत पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में शनिवार से फार्मर रजिस्ट्री अभियान शुरू होगा। इसके तहत किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जाएगी। इसी से किसानों की एकीकृत और व्यापक पहचान मिलेगी। भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), डीबीटी, बारिश और सूखा प्रभावित किसानों को मुआवजा आदि में इस आईडी की जरूरत होगी। शिविर में किसानों को अपना आधार कार्ड, जमाबंदी और आधार से लिंक मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा। किसानों की इस आईडी के लिए पहला शिविर शनिवार सुबह साढ़े 9 बजे से पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में लगाया जा रहा है।

### गहलोत का दौसा में स्वागत किया

**दौसा।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि हम चाहते है कि प्रदेश में सुशासन हो, प्रदेश का विकास हो, सोसियल सिक्योरिटी की स्कीम मजबूत हो, इसका फायदा प्रदेश की जनता को मिलेगा। लेकिन वर्तमान सरकार का कार्यकाल एक साल होने के बावजूद वो पुरानी सरकार की कमियां गिना रही है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को दौसा में पत्रकारों के समक्ष बोल रहे थे। उन्होने कहा कि पूरे प्रदेशवासी आन्दोलन कर रहे है। आप कहीं भी चले जाये, गांव के अन्दर, कस्बों में, तो ऐसी बात मिलेगी कि किससे क्या बात करें, जिसको जाकर शिकायक करें। हालात बडे गंभीर है, बार बार मुख्यमंत्री को आगाह भी करते है। हम लोग विपक्ष में है, विपक्ष की भूमिका निभाते हुये अपनी बात कम से कम पहुंचा रहे है सरकार तक, जो पब्लिक का फीड बैंक है।

### 31 मार्च तक कर जमा करवायें

**कोटपूतली।** स्थानीय नगर परिषद में जिन्होनें आज तक नगरीय विकास कर जमा नहीं करवाया है, उनके खिलाफ राजस्थान अधिनियम 2009 की धारा 131 के तहत संपत्ति सीज की कार्यवाही की जावेगी। 31 मार्च तक अपनी संपत्ति का नगरीय विकास कर जमा करवायें। वर्ष 2011-12 से पूर्व कर के मूलधन पर 50 प्रतिशत एवं शास्ति में 100 प्रतिशत की छुट का लाभ उठायें। बकायादारों जैसे बाईक शोरूम, गारमेंट शोरूम, हॉटल, मैरिज गार्डन, पेट्रोल पम्प, रेस्टोरेन्ट एवं स्कूल कॉलेज आदि का नगरीय विकास कर बकाया है। नगरीय विकास कर जमा कराने के लिये कार्यालय (नगरीय विकास कर शाखा) 29, 30 व 31 मार्च को खुला रहेगा।

### भूगोल प्रायोगिक परीक्षा सोमवार से

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में नियमित विद्यार्थियों की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 24 मार्च 2025 से प्रारम्भ होगी। प्राचार्य डॉ. आर. के सिंह ने बताया कि भूगोल के बी. ए. सेमेस्टर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 2024 सोमवार 24 मार्च से प्रारम्भ हो रही है। संबंधित विद्यार्थी महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर 22 मार्च को अपनी प्रायोगिक परीक्षा का बैच नम्बर, दिनांक एवं समय देखकर प्रायोगिक परीक्षा के समय उपस्थित होना सुनिश्चित करे तथा परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा के समय अपना परीक्षा का प्रवेश पत्र के साथ फोटो युक्त पहचान पत्र, महाविद्यालय आई डी कार्ड आवश्यक रुप से साथ लेकर आवें। कम्प्यूटर की वाणिज्य संकाय के प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 23 मार्च को प्रातरू 08.30 बजे से प्रारम्भ होगी।

### छात्राओं को स्कूटी का वितरण आज

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में 22 मार्च शनिवार को देवनारायण एवं कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के अंतर्गत सत्र 2023-24 में लाभान्वित छात्राओं को स्कूट वितरित की जायेगी। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने बताया कि विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य में प्रातरू 11 बजे स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। सत्र 2023-24 के अंतर्गत लाभान्वित छात्रायें जिनकी आरसी ट्रांसफर हो चुकी हैं, वे छात्रायें स्कूटी प्राप्त कर सकती हैं।